3

# वर्णमाला
(Alphabet)

देखिए, पढ़िए और समझिए–

|  |  |  |
|---|---|---|
| सेब | बल्ला | कमल |

बच्चो! उपर्युक्त शब्द बोलते समय हमारे मुख से निम्न प्रकार ध्वनियाँ निकलती हैं–

| | | |
|---|---|---|
| सेब | = स् + ए + ब् + अ | = 4 ध्वनियाँ |
| बल्ला | = ब् + अ + ल् + ल् + आ | = 5 ध्वनियाँ |
| कमल | = क् + अ + म् + अ + ल् + अ | = 6 ध्वनियाँ |

ये सब भाषा की सबसे छोटी ध्वनियाँ हैं। इन्हें और अधिक छोटा नहीं किया जा सकता है। इन्हें वर्ण या अक्षर कहते हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि–

मुख से निकलने वाली सबसे छोटी ध्वनि वर्ण कहलाती है।

वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं।



## वर्ण के भेद

वर्ण मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं–

1. स्वर 2. व्यंजन

## स्वर

हिंदी भाषा में 11 स्वर होते हैं–

अ आ इ ई उ ऊ

ऋ ए ऐ ओ औ

## व्यंजन

हिंदी भाषा में 33 व्यंजन होते हैं–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |

य र ल व श ष स ह

## स्वरों की मात्राएँ

स्वरों का जो रूप व्यंजन में मिलता है, उसे मात्रा कहते हैं।

10 स्वरों की मात्राएँ होती हैं। 'अ' स्वर की मात्रा नहीं होती। यह व्यंजन में पहले से ही जुड़ा होता है; जैसे– क् + अ = क; ख् + अ = ख।

अन्य स्वरों की मात्राएँ निम्न प्रकार हैं–

| आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ा | ि | ी | ु | ू | ृ | े | ै | ो | ौ |

## अन्य वर्ण

- अं अः

ऐसे वर्ण हैं, जो न स्वर हैं और न व्यंजन हैं; इन्हें अयोगवाह कहते हैं।

- ड़ ढ़

ये वर्ण 'ड' तथा 'ढ' के विकसित रूप हैं।

- क्ष त्र ज्ञ श्र

ये वर्ण तीन वर्णों के मेल से बने हैं, इन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं।

### आओ दोहराएँ

- मुख से निकलने वाली ध्वनि वर्ण कहलाती है।
- वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।
- वर्णों के क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं।
- वर्ण दो प्रकार के होते हैं– स्वर तथा व्यंजन।

### अब बताइए

**(क) सही विकल्प पर (✓) लगाइए–**

1. भाषा की सबसे छोटी इकाई है–

   (i) वर्ण ☐ (ii) शब्द ☐


2. वर्ण को अन्य किस नाम से जानते हैं?

   (i) अक्षर ☐ (ii) माला ☐


3. वर्णों के क्रमबद्ध समूह को क्या कहते हैं?

   (i) फूलमाला ☐ (ii) वर्णमाला ☐

**( ख ) नीचे दिए गए स्वर तथा व्यंजन वर्णों को मिलाकर चित्र पूरा करें–**




**( ग ) आओ माला में वर्ण पिरोएँ–**



## खेलते-खेलते

बच्चो! दिए गए चित्र में रंग भरिए–

